Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to build a bird sanctuary at the site of Devhat Talaab in Uttar Pradesh.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): शरद ऋतु में देशी-विदेशी पक्षियों के कलरव से देवहट तालाब का मनोरम दृश्य देखते ही बनता है । यहां सैकड़ों मील दूर से आने वाले साइबेरियन पक्षियों का प्रवास चार माह तक रहता है । इसके अलावा हंस, सारस, सलोन आदि विभिन्न प्रजाति के पक्षियों की मौजूदगी आकर्षण का केंद्र रहती है, लेकिन गर्मी आते ही पेड़ पौधों के अभाव में इन्हें छांव नहीं मिल पाती और ये पलायन कर जाते हैं ।

उत्तर प्रदेश में इस स्थान को एक अलौकिक पर्यटन स्थल बन सकने की पूरी सम्भावना है । देश विदेश से पर्यटक के आने से इसके किनारे स्थित विभिन्न गांवों के सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार के साधन भी उपलब्ध हो सकते है, जो विभिन्न तरह के रोजगार कर अपने व परिवार का वर्ष भर भरण पोषण कर सकते हैं ।

इसीलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि यहाँ पर एक सुंदर सा पंछी विहार का निर्माण हो ताकि देवहट तालाब का कायाकल्प हो जाए ।

माननीय सभापति: श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी - उपस्थित नहीं ।